70 फुट गहरे कुएं में गिरे बुजुर्ग की मौत

गोताखोरों ने छह घंटे बाद निकाला शव

निगोहां । निगोहां के लालपुर गांव में बुधवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। हाइवे किनारे शमशेर के खेत में बने करीब 70 फुट गहरे पुराने कुएं में गिरे बुजुर्ग का शव करीब 6 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद प्राइवेट गोताखोरों ने निकाला। लालपुर निवासी शिवदर्शन ने बताया कि उसके पिता सरदार (80) सुबह करीब 10 बजे घर से खाना खाकर निकले थे। कुछ देर बाद पड़ोसी ने सूचना दी कि उसके पिता खेत के कुएं में गिर गए हैं। परिजन मौके पर पहुंचे तो कुएं के बाहर उनकी चप्पलें और लाठी पड़ी मिली, जबकि कुएं के अंदर उनका गमछा पानी में उतराता दिखा। सूचना पर निगोहां पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। ट्रैक्टर और बोरवेल इंजन लगाकर कुएं का पानी बाहर निकाला गया, लेकिन पानी का स्रोत तेज होने से कुआं बार–बार भर जा रहा था। इस कारण सरकारी टीमों के प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिल पा रही थी। आखिर में बुलाए गए प्राइवेट गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सुखरानी, इकलौता बेटा शिवदर्शन और बहू हरवादेई हैं। बेटे के अनुसार पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। ग्रामीणों ने बताया कि यह कुआं करीब 200 साल पुराना है और अब बेकार पड़ा है। इसी कुएं में 2012 में रामचंद्र के 19 वर्षीय बेटे सूरज की गिरने से मौत हो गई थी। कई मवेशियों की भी इसमें जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि हादसों को रोकने के लिए इस खतरनाक कुएं को जल्द बंद कराया जाए।

कैशलेश चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किये जाने पर जतायी खुशी

लखनऊ। शिक्षणेत्तर संघर्ष संचालन समिति एस–4 के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह चौहान व महासचिव संतोष सिंह ने प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किये जाने के प्रदेश सरकार की कैबिनेट के निर्णय का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है। बताते चलें कि शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा दिये जाने के बाद पिछले दिनों एस–4 के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह चौहान ने गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री से भेंट कर इस संबंध में शिक्षणेत्तर कर्मियों को भी कैशलेश चिकित्सा सुविधा से आच्छादित किये जाने का आग्रह किया गया था।

कैंसर संस्थान में नि:शुल्क स्तन कैंसर की जांच क्लिनिक का शुभारम्भ

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट ने स्तन कैंसर की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए नि:शुल्क स्तन कैंसर जांच एवं पुनर्वास क्लिनिक शुरू किया। स्तन कैंसर की समय पर पहचान और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस विशेष क्लिनिक का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एम एल बी भट्ट ने किया। इस मौके पर उन्होंने विशेष रूप से ३० वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं और परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास रखने वाली महिलाओं से नियमित रूप से स्तन स्वास्थ्य की जांच कराने तथा नि:शुल्क सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ आयुष लोहिया ने बताया कि संस्थान लखनऊ के विभिन्न जिला अस्पतालोंऔर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से स्तन कैंसर की जांच कर रहा है। अब तक ५०० से अधिक महिलाओं की जांच की जा चुकी है। जांच के बाद जिन महिलाओं को आगे इलाज की जरूरत थी, उन्हें उचित जांच और उपचार के लिए भेजा गया है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ दुर्गेश कुमार ने स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षणों और संकेतों की जानकारी दी। उन्होंने बेहतर उपचार और मरीजों के जीवित रहने की संभावना बढ़ाने के लिए समय पर बीमारी की पहचान के महत्व पर जोर दिया। इस क्लिनिक में विशेष स्कैनिंग मशीन की सहायता से स्तन कैंसर की नि:शुल्क जांच की जाएगी। इसके साथ ही महिलाओं को स्तन स्वास्थ्य से जुड़ी सलाह, परामर्श, पुनर्वास और नियमित देखभाल की सुविधाएं भी नि:शुल्क दी जाएंगी। जिन महिलाओं की स्तन कैंसर के कारण स्तन हटाने की सर्जरी हुई है, उन्हें कृत्रिम स्तन ब्रेस्ट प्रोस्थेसिस और उसके उपयोग संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में भी मदद मिलेगी। यह क्लिनिक संस्थान में प्रतिदिन संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के सीएमएस डॉ. विजेंद्र सिंह, डीन डॉ प्रमोद कुमार, एमएस डॉ. वरुण विजय, इआर डॉ आयुष लोहिया, डॉ अंशु सिंह और डॉ रुमिता सहित संस्थान के अन्य संकाय सदस्य स्वास्थ्यकर्मी और मरीज उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या विवेकानन्द नगर में 12 से 14 नवंबर क्षेत्रीय ज्ञान विज्ञान मेला'

लखनऊ, ।सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंदनगर सुलतानपुर में भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र स्तरीय ज्ञान विज्ञान मेला 2026 के अन्तर्गत क्षेत्रीय वैदिक गणित, विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आगामी 12, से 14 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। बैठा प्रारंभ होने से पूर्व सरस्वती वन्दना के पश्चात् प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी द्वारा सह क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ0 राम मनोहर का परिचय कराया। इस बैठक में विद्या भारती सुलतानपुर संकुल के विद्यालयों की समस्त प्रबन्ध समितयों के दायित्वधारक, प्रधानाचार्य,संयोजक एवं व्यवस्था प्रमुखों को संबोधित करते हुए डॉ राम मनोहर ने कहा कि – इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए करते हैं। यहां क्षेत्र स्तरीय एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसकी इसकी व्यवस्था अभी से प्रारंभ करनी हैं। शिक्षा क्षेत्र में समय के साथ इन प्रतियोगिताओं का महत्त्व बढ़ रहा है। शिक्षा में जागरूकता बढ़ने के साथ ही हमारे भैया बहनें आचार्य अभिभावक सभी इन पाठ्य सहगामी प्रतियोगिताओं के प्रति जागरूक हो गये हैं ।ख्घ्य् इस कार्यक्रम में समाज के सभी लोगों की सहभागिता हो ,यह पहले से ही सुनिश्चित करना है। व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्येक विभाग के सदस्य आपस में मिल बैठ कर सामंजय बना लें। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष इंजीनियर रूपेश कुमार, मंत्री डॉ0 हरिदर्शन राम ,डाक्टर राम जी गुप्ता, द्वारिकानाथ पाण्डेय, ब्रह्मनारायण शुक्ल ,अनिल पाण्डेय, शरद श्रीवास्तव, सभाजीत वर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह , रमा शंकर तिवारी ,अखिलेश पाण्डेय, कमलेश तिवारी, शेष मणि द्विवेदी, सुनील श्रीवास्तव, शुभम सिंह,सरिता त्रिपाठी, रंजना पाण्डेय, रामशिरोमणि पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारी अगर ठान ले तो बच सकता है परिवहन निगमः जसवंत सिंह'

लखनऊ, । यूपीरोडवेज इम्प्लाइज यूनियन लखनऊ क्षेत्र के बहादुर साथियों आपने कर्मचारियों की ताकत को यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन की ताकत को लखनऊ क्षेत्र में दिखाया। यूपी रोडवेज यूनियन के संयोजक जसवंत सिंह नें कहा कि आपने पूरे प्रदेश के कर्मचारियों को यह भी दिखाया कि कर्मचारी अगर ठान ले तो परिवहन निगम को बचा सकता है। लेकिन कुछ प्रश्न मुझे परेशान करते है कि क्या परिवहन निगम बचेगा तो क्या केवल इंप्लाइज यूनियन के लोगो को फायदा होगा या सभी को मैने देखा लोग कैसे किनारा करते रहे आलमबाग में प्रबंधन के लोग हाथ बांधे खड़े रहे ,क्यों सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहयोग में नहीं उतरे इस मुहिम में हमारे संगठन की क्षेत्रीय एवं डिपो इकाइयों ने पूरी ताकत जोख दी। क्या परिवहन निगम केवल हमारा है क्या केवल हमारा विरोध करते हो इन लोगों का यह विरोध हमारा नहीं परिवहन निगम और निगम के कर्मचारियों का विरोध है

श्रवण बाधित रेलवे कर्मचारियों की सहायतार्थ हियरिंग एड मशीनों का वितरण

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में कर्मचारी कल्याण निधि द्वारा स्वीकृत लखनऊ मण्डल में कार्यरत 07 श्रवण बाधित कर्मचारियों को मण्डल कार्यालय के गंगोत्री सभागार में मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के द्वारा 'हियरिंग एड मशीनों' का वितरण किया गया। इसके अंतर्गत एक कान की हियरिंग एड मशीन की कीमत ?8,500 तथा दोनों कानों की मशीनों की कीमत ?17,000 है। जिनमें 03 कर्मचारियों को एक कान की मशीन तथा 04 कर्मचारियों को दोनों कानों की मशीन प्रदान की गई हैं। लाभान्वित कर्मचारियों में राजेश कुमार, सहायक (सिगनल)/ ऐशबाग, राज कुमार महतो, सहायक (टीआरडी)/ शोहरतगढ़, राम कुमार सिंह, सहायक (टीआरडी)/ लखनऊ, योगेन्द्र प्रसाद, एचकेए (चिकित्सालय सीतापुर), नन्हें लाल, टेक्नीशियन ।।।/कैरेज एण्ड वैगन/सीतापुर, सुधीर कुमार,



टेक्नीशियन ।।।/बस्ती तथा अजय सिंह, सहायक/टीएल/लखनऊ शामिल हैं। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य श्रवण संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे कर्मचारियों को बेहतर श्रवण सुविधा उपलब्ध कराना तथा उनके कार्य एवं दैनिक जीवन को अधिक सहज बनाना है। कर्मचारियों ने रेल प्रशासन के इस मानवीय एवं कल्याणकारी कदम के लिए आभार व्यक्त किया। रेल प्रशासन भविष्य में भी कर्मचारी हित में ऐसे कदम उठाता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (बादशाहनगर) रमेश चन्द्र, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भूवनेश सिंह, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्रीमती नीतू तथा वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता एवं कर्मचारी यूनियनों के प्रदाधिकारिगण एवं कर्मचारिगण उपस्थित थे।

सरकार ने खत्म किया दशकों का इंतजार जरगो बांध तक पहुंचा 229 क्यूसेक पानी

लखनऊ, योगी सरकार प्रदेश की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने और किसानों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में मीरजापुर के जरगो बांध के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पिछले कई दशकों से खराब पड़े मेजा–जरगो लिंक नहर के दोनों अंडर स्लूस गेटों की मरम्मत और पुनर्स्थापन के बाद बांध में पानी की आपूर्ति सुचारु हुई है। करीब 30 वर्षों बाद जरगो बांध के पानी से लबालब होने की स्थिति ने क्षेत्र के किसानों के लिए नई उम्मीद जगाई है। वर्तमान में मेजा–जरगो लिंक नहर के माध्यम से बांध में 229 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है।प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने और उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। मेजा–जरगो लिंक नहर के गेटों की मरम्मत इस दिशा में महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहां आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ इंजीनियरिंग के समन्वय से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि मेजा–जरगो लिंक नहर मीरजापुर की कृषि सिंचाई व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से विभिन्न जलाशयों और नहरों को जोड़कर जरगो बांध तक पानी पहुंचाया जाता है। लगभग 71.130 किलोमीटर लंबी और 580 क्यूसेक क्षमता वाली यह नहर क्षेत्र की कृषि भूमि की सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नहर के हेड पर स्थापित दो अंडर स्लूस गेट लंबे समय से खराब थे। इनके जरिए लगातार पानी का रिसाव होने से जल प्रबंधन प्रभावित हो रहा था। इन दोनों गेटों से करीब 150 क्यूसेक पानी लगातार व्यर्थ बह रहा था। इसके चलते न केवल उपलब्ध सिंचाई जल का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था

जल परिवहन से विकास और कल्याण तक, यूपी में बनेंगी दो निधियां, शुल्क-जुर्माने से जुटेगा

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में नदी आधारित परिवहन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के साथ इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार नई नियामक व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित अंतर्देशीय जलयान नियमावली–2026 के तहत यंत्रचालित और गैर–यांत्रिक जलयानों को विशिष्ट पंजीकरण संख्या दी जाएगी। वहीं, जल परिवहन से जुड़े विकास और कल्याण कार्यों के लिए अलग–अलग निधियां गठित करने, घाटों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ाने और यात्रियों की सुरक्षा के मानक तय करने का प्रावधान किया गया है। इससे गंगा, यमुना, घाघरा, गोमती, गंडक और बेतवा जैसी प्रमुख नदियों में यात्री परिवहन, नदी पर्यटन, पारंपरिक नौका संचालन और माल परिवहन को अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।यूपी परिवहन विभाग के मुताबिक प्रस्तावित नियमावली में जल परिवहन से प्राप्त शुल्क और जुर्माने के माध्यम से यंत्रचालित जलयानों के लिए राज्य विकास निधि गठित करने की व्यवस्था है। दूसरी ओर, गैर–यांत्रिक जलयानों से संबंधित गतिविधियों के लिए जिला स्तर पर जिला कल्याण निधि बनाई जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य जल परिवहन के नियमन के साथ संबंधित क्षेत्र के विकास और नाविकों के कल्याण के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना है।

अवध बार एसोसिएशन चुनाव में 22 पदों के लिए मतदान

लखनऊ, । इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अवध बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। एसोसिएशन के 22 पदों के लिए करीब पांच हजार अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। अध्यक्ष और महासचिव समेत विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। मतदान के बाद गुरुवार को मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। चुनाव के दौरान अधिवक्ता ने कहा कि नए पदाधिकारियों से उनकी मांग होगी कि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि जजों की कमी के कारण मुकदमों की सुनवाई लंबी खिंचती है। इससे अधिवक्ताओं के साथ–साथ उनके मुवक्किलों को भी परेशानी होती है। कई बार तारीख पर तारीख मिलती रहती है, लेकिन मामलों का समय पर निस्तारण नहीं हो पाता। सह चुनाव अधिकारी आरबीएस राठौर के मुताबिक, अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं, जबकि महासचिव पद पर आठ उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। इस पद पर तीन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वहीं, उपाध्यक्ष मध्य पद के लिए 14 और उपाध्यक्ष जूनियर पद के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। संयुक्त सचिव के पदों पर भी मुकाबला है। महिलाओं के लिए आरक्षित एक सीट पर सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। मतदान करने के लिए अधिवक्ताओं को सीओपी प्रमाणपत्र या अवध बार एसोसिएशन का पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। बुधवार को मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार से मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना पूरी होने और परिणाम घोषित होने तक प्रक्रिया जारी रहेगी।

यूपी राइज 2026 का भव्य आयोजन

अयोध्या, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर यूपी विजन को धरातल पर उतारने और युवाओं को उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने के लिए बुधवार को राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में यूपी राइज 2026 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस वृहद आयोजन में हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं की मानसिकता में बदलाव लाकर उन्हें केवल नौकरी तलाशने वाला (जॉब सीकर) न बनाकर, स्वयं का उद्यम स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने वाला जॉब क्रिएटर बनाना है।

निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए 69.16 करोड़ रुपये स्वीकृत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और बेहतर भरण–पोषण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद ने वित्तीय वर्ष 2026–27 में गोवंश संरक्षण के लिए 69.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें से 34.58 करोड़ रुपये की पहली किस्त उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग को जारी कर दी गई है। पिछले नौ वर्षों में इस मद में मंडी परिषद का वार्षिक वित्तीय प्रावधान 4.51 करोड़ रुपये से बढ़कर 69.16 करोड़ रुपये हो गया है, जो 15 गुने से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।योगी सरकार की इस पहल के तहत कृषि मंडियों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा निराश्रित गोवंश की सेवा और देखभाल पर खर्च किया जा रहा है।

एक नजर

भविष्य के लिए एआई स्किलिंग को तेज किया

लखनऊ। आधुनिक युग के साथ कदमताल कर रहे युवाओं को उनकी प्रतिभा के हिसाब से ऊंची उड़ान भरने के लिए भारत- सैप एसई ने आज 2030 तक भारत में दो मिलियन लोगों को एआई–रेडी स्किल्स प्रदान करने के सैप के मौजूदा लक्ष्य को पूरा करने में मदद करने के लिए नए प्रोग्राम्स की घोषणा की। इससे देश में डिजिटल टैलेंट की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और लोग एआई–पॉवर्ड अर्थव्यवस्था में अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे। अपने स्थापित लर्निंग, सर्टिफिकेशन और वर्क–फोर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम को आगे बढ़ाते हुए सैप द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक पार्टनर्स, सरकारी संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों की मदद से एआई, क्लाउड, डेटा और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी की प्रैक्टिकल स्किल्स को व्यापक तौर पर उपलब्ध कराया जाएगा।मनीष प्रसाद, प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, सैप इंडियन सबकॉन्टिनेंट ने कहा, टेक्नोलॉजी में भारत की ताकत की बुनियाद हमेशा से यहाँ के लोग रहे हैं।

शिवपाल से की शिष्टाचार भेंट



लखनऊ। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी पूर्व प्रधान मनोज यादव ने अपनी पत्नी कंचन यादव प्रधान जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी बाबा त्रिभुवनदास के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव के सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की । इस अवसर पर दशहरी बाग के कार्यकर्ता मौजूद भी रहे। बाबा त्रिभुवनदास ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव की सरकार बनाने का आशीर्वाद भी दिया। वहीं शिवपाल सिंह यादव ने अंग वस्त्र पहनकर मनोज यादव और कंचन यादव को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

लोहिया संस्थान को मिला हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एफआईसीसीआई हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड २०२६ में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्थान को निदेशक प्रो सीएम सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री 'एफआईसीसीआइ' द्वारा आयोजित '१८वें हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स २०२६' में पूरे भारत में प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान संस्थान द्वारा रोगियों को प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण, संवेदनशील एवं जवाबदेह स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिया गया है है। इसमें उत्कृष्ट रोगी देखभाल एवं सेवा वितरण के लिए १३६५ बेडों पर लागू क्यूआर आधारित शिकायत निवारण प्रणाली का अहम रोल है। इस प्रणाली से रोगी देखभाल में पारदर्शिता, त्वरित प्रतिक्रिया और रोगी संतुष्टि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा किए रोगियों को बेहतर, सुलभ, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह राष्ट्रीय सम्मान हम सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है और यह हमें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उत्कृष्ट एवं रोगी.केंद्रित बनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक परिश्रम और टीम भावना को दिया।

युवक से मारपीट

लखनऊ। मोहनलालगंज चौराहे के पास मौरावां मोड़ पर एक व्यक्ति के साथ गाली–गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित देवेन्द्र सिंह निवासी कंचनपुर, थाना असोहा, जनपद उन्नाव की तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, बीते सोमवार को शाम करीब तीन बजे मौरावां मोड़, मोहनलालगंज चौराहे के पास हुई। आरोप है कि अजीत कुमार गौरा निवासी और उसके दो अज्ञात साथियों ने देवेन्द्र सिंह के साथ कथित तौर पर गाली–गलौज की। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षीगण ने लाठी–डंडों से मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले में विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

फैजुल्लागंज इलाके में कांग्रेसियों ने किया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शहर कांग्रेस को उपलब्ध करायीं मशीनें

लखनऊ। कांग्रेस फैजुल्लागंज के आसपास स्थित मोहल्लों में रहने वाले लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाने के लिये समूचे क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करा रही है। इसके लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने शहर कांग्रेस कमेटी को मशीनें उपलब्ध करायीं हैं। बुधवार को शहर अध्यक्ष उत्तरी अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेसियों की एक टीम फैजुल्लागंज क्षेत्र में पहुंची और वहां विभिन्न इलाकों में कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव किया। इस कार्य में वहां के स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनमानस के कष्ट में सदैव उनके



साथ खड़ी है, हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को अब इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक वर्ष इस क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का प्रकोप फैलता है। इस बार बाढ़ की वजह से यह और ना फैले इसके लिए क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम नगर निगम टीम को पूरी तरह सक्रिय रहना चाहिये। उन्होने बताया कि वे लोग फैजुल्लागंज के आसपास के मोहल्लों में तब तक कीटनाशक दवाओं को छिड़काव करेंगें। जब तक बीमीरियां फैलने की आशंक समाप्त नही हो जाती।

पत्रकारों के लिये पेंशन और सुरक्षा की मांग

मुख्यमंत्री के सलाहकार ने पेंशन के लिए उचित मंच पर पैरवी का आश्वासन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने घोषणा की है कि वह पत्रकारों को पेंशन दिए जाने के विषय पर उचित मंच पर पत्रकारों की पैरवी करेंगे। श्री अवस्थी बुधवार को यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा यूपी प्रेस क्लब में आयोजित इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के 76वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों का रजिस्टर बनाए जाने की मांग का भी समर्थन किया। इस अवसर पर पत्रकार सुरक्षा विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को प्रधानमंत्री को संबोधित पत्रकारों की समस्याओं से सम्बन्धित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। मुख्य अतिथि अवनीश अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मुझे



पत्रकारों के लिए काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की पेंशन के लिए मेरे स्तर से जो भी हो पाएगा किया जाएगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव सूचना एवं निदेशक सूचना से वार्ता भी की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अगले सप्ताह यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के पदाधिकारी के साथ बैठक करूंगा। हमारा प्रयास रहेगा की 60 वर्ष से ऊपर के पत्रकारों को हर हाल में लाभान्वित किया जाए। इस मौके पर उन्होने पत्रकारों की बेसिक पहचान पर भी प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए यदि राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्टर निर्माण होता है तो उसका जबरदस्त फायदा मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के सलाहकार ने आश्वासन दिया कि वह खेल विभाग से वार्ता करके पत्रकारों को लाभान्वित करने का कार्य करेंगे। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे आईएफडब्ल्यूजे के अध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों का नेशनल रजिस्टर्ड तैयार किया जाए और राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के निवारण के लिए सरकार भी चिंतित है। पत्रकारों की समस्या जायज है उसका समाधान होना चाहिए।

मलिहाबाद में वन विभाग की टीम पर हमला, दो ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज

मलिहाबाद। काकोरी क्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी ले जाने की सूचना पर जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम पर लकड़ी ठेकेदारों द्वारा हमला किया। डिप्टी रेंजर की तहरीर पर थाना मलिहाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया है। बताते चले की वन अधिकारी दीपेन्द्र राज को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना काकोरी क्षेत्र से अवैध रूप से ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी लाई जा रही है सूचना पर डिप्टी रेंजर दीपेंद्र राज वन दरोगा अमन वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। बड़ी गढ़ी मस्जिद के पास एक ट्रैक्टर–ट्रॉली में लकड़ी लदी हुई आती दिखाई दी, जिसे रोककर पूछताछ की गई।वन विभाग के अनुसार ट्रैक्टर–ट्रॉली में लदी लकड़ी के संबंध में लकड़ी ठेकेदार आर्यन पुत्र विजय सिंह एवं अनिल पुत्र वासुदेव, निवासी ग्राम भलिया, थाना काकोरी से जानकारी ली जा रही थी। इसी दौरान दोनों आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की।डिप्टी रेंजर ने बताया कि सरकारी कर्तव्य का निर्वहन करते समय उनके साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इस संबंध में लिखित तहरीर थाना मलिहाबाद में दी गई है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

रिटायर्ड पुलिसकर्मियों की हर समस्या का होगा समाधान-डीजीपी

पीपीएस सेवानिवृत्त अफसरों का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

लखनऊ। पीपीएस सेवानिवृत्त ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक अधिवेशन मंगलवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल, महानगर स्थित सभागार में संपन्न हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष गौतेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अधिवेशन की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम से हुई। महासचिव श्याम पाल सिंह ने बताया कि पिछले एक साल में एसोसिएशन के 46 सदस्यों का निधन हुआ है। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एसोसिएशन की ओर से पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, ऑनलाइन प्रक्रिया के सरलीकरण, लाइसेंस और विश्राम कक्ष सहित नौ सूत्रीय मांगपत्र डीजीपी के सामने रखा गया।इस मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने सेवानिवृत्त अफसरों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मेडिकल रीइंबर्समेंट में पेंशनर्स को हो रही तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए हर जिले में हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां फॉर्म भरने और दस्तावेज अपलोड करने में मदद मिलेगी। साथ ही जिलों में रिटायर्ड अफसरों के साथ नियमित संवाद की व्यवस्था बनाई जाएगी ताकि उनकी समस्याएं समय पर सुनी जा सकें। लाइसेंस संबंधी मांग पर उन्होंने शासन स्तर पर बात कर उचित निर्देश जारी कराने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में 100 वर्षीय इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज कमलेश्वर नाथ, पूर्व डीजीपी विलास मणि त्रिपाठी, ए.के. जैन, रामेश्वर दयाल,एडीजी प्रशासन प्रशांत कुमार, एडीजी के जीएसओ के.एस. इमैन्यूअल, पूर्व आईजी अनिल कुमार मिश्रा और आर.के. चतुर्वेदी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।अंत में एसोसिएशन की ओर से मुख्य अतिथि और सभी विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष गौतेन्द्र पाल सिंह ने सभी से सक्रिय जीवनशैली अपनाने और जरूरत पर समाज और विभाग को सहयोग देने का आह्वान किया।